दीप जलाओ स्वागत में | By KIshori Kanishka

धन्य घडी धन्य भाग्य हमारे
आज अवध में राम पधारे
ढोल बजाओ स्वागत में
दीप जलाओ स्वागत में

सूनी अयोध्या होगी रोशन
राम लला के आने से
बन के मोर नाचे मेरा मन
राम लला के आने से
गाओ जी मंगल गीत सारे
आज अवध में राम पधारे
ढोल बजाओ स्वागत में
दीप जलाओ स्वागत में

बैठ सिंहासन राम हमारे
लागे कितने प्यारे प्यारे
दर्शन होंगे अद्भुत न्यारे
जागेंगे अब भाग्य हमारे
सारी अयोध्या सजा दो सारे
आज अवध में राम पधारे
ढोल बजाओ स्वागत में
दीप जलाओ स्वागत में

ख़तम हु इंतज़ार हमारा
कितना सुन्दर होगा नज़ारा
राम नाम का बिगुल बजेगा
राम नाम गूंजे जयकारा
राही संग किशोरी पुकारे
आज अवध में राम पधारे
ढोल बजाओ स्वागत में
दीप जलाओ स्वागत में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%aa-%e0%a4%9c%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a4-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-kishori-kanishka/